हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026




10 जुलाना स्टेडियम में सुविधाओं के अभाव से...


10 एआई-ब्लॉकचेन तकनीक भविष्य...


## खबर संक्षेप

### 7.05 ग्राम हेरोइन सहित महिला नशा तस्कर काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा कैथल क्षेत्र से एक महिला नशा तस्कर को 7.05 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान कैथल सीवन बाईपास पर मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि गांव डरोली पंजाब हाल सिरटा रोड़ कैथल निवासी एक महिला पूनम हेरोइन (चिट्टा) बेचने का धंधा करती है। जो अभी अपने मकान के पास किसी के इंतजार में खड़ी हैं। जिसको उक्त स्थान पर दबिश देकर नशीले पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है।

### नेट बैंकिंग अपडेट कराने का झांसा देकर ठगी

**कैथल।** जिले के पूंडरी निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति को नेट बैंकिंग अपडेट कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 1.68 लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी निवासी विनोद कुमार गौतम ने बताया कि छह जुलाई की शाम करीब 6:47 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में नेट बैंकिंग सुविधा शुरू कराई जा सकती है। बुजुर्ग होने के कारण बैंक नहीं जा पाने की बात सोचकर उन्होंने उसकी बातों पर भरोसा कर लिया था।

### गांव जैजैवंती से बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव जैजैवंती खेतों से बीती रात चोरों ने दो टयूबवैलों से दो बिजली की मोटर चोरी कर ली। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जैजैवंती निवासी रामबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में लगे दो टयूबवैलों से दो बिजली मोटरों की चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत में पहुंचा। जुलाना थाना पुलिस ने रामबीर की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोवंश को क्रूरतापूर्वक ले जा रहा आरोपी काबू

**कैथल।** छोटा हाथी गाड़ी में गोवंश को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पुर्वक लदान कर ले जा रहे आरोपी धनसिंहपुर जिला अलीगढ़ यूपी निवासी हरदेश को चौंकी किठाना पुलिस प्रभारी पीएसआई रोहित कुमार की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कब्जे से 3 गोवंश बरामद कर रिहा करवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बड़सीकरी निवासी बलविंद्र सिंह की शिकायत अनुसार 9 जुलाई को उन्हे सूचना मिली कि एक ट्रक खनौरी की तरफ से गोवंश भरकर जम्मू कटरा दिल्ली हाईवे पर कलायत की तरफ से होता हुआ यूपी जाने वाला है। जो उक्त छोटा हाथी गाड़ी उन्हें थाना राजोंद क्षेत्र में जम्मू कटरा हाईवे नजदीक रेस्ट ईलाका के पास मिला। फिर ड्राईवर से नाम पूछा जिसने अपना नाम धनसिंहपुर जिला अलीगढ़ यूपी निवासी हरदेश बताया था।

### हाईड्रोजन फ्यूल भरने पर रेलगाड़ी 350 से 360 किलोमीटर तक चलेगी

# हाइड्रोजन ट्रेन देगी हरित क्रांति को बढ़ावा

### हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त व दुनिया की सबसे लंबी रेलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन को लेकर राजनीतिक, प्रशासनिक और सरकारी तौर पर तैयारियां जोरों पर चल रही है। हर विभाग अपनी तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों में जुटा है। इस सबके बीच देश की हाइड्रोजन ट्रेन का आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भारत में चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन से पहले केवल जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में हाईड्रोजन ट्रेन चल रही है। अब हाइड्रोजन ट्रेन को भारत में चलाने की भी तैयारी हो गई है। हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त रहेगी। यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन है। इस ट्रेन में जहां आठ कोच हैं वहीं एक बार हाईड्रोजन फ्यूल भरने पर यह 350 से 360 किलोमीटर तक चलेगी। हाइड्रोजन ट्रेन आम ट्रेन की तरह ही है और इसमें लगे कोच में 2600 तक यात्री सफर कर सकते हैं। हाइड्रोजन ट्रेन की खासितय यह है कि ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है और इसमें डीजल इंजन की जगह हाइड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम लगा है, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रतिक्रिया से बिजली बनाता है। इससे धुएं या कार्बन की जगह सिर्फ भाप और गर्मी निकलती है। ट्रेन में आठ फ्यूल सेल लगे हैं। ट्रेन की स्पीड 130 किलोमीटर से भी अधिक की है लेकिन कमर्शियल रन में यह अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ही दौड़ेगी। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन प्रतिदिन सुबह 7 बजकर40 मिनट पर जींद जंक्शन से सोनीपत के लिए रवाना होगी। ट्रेन रोजाना जींद और सोनीपत के बीच एक चक्कर लगाएगी। जींद से रवाना होने के बाद मार्ग में पडऩे वाले 12 स्टेशनों और हाल्ट पर निर्धारित समय के अनुसार ठहरेगी। वापसी में भी ट्रेन निर्धारित समय के अनुसार सोनीपत से जींद पहुंचेगी। जींद से सोनीपत के बीच का किराया मात्र पांच रुपये से लेकर 25 रुपये के बीच होगा। हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाअन 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलाई जाएगी। हर दिन दो फेरे लगेंगे। सप्ताह में एक दिन रेस्ट डे होगा जब इसकी मेंटेनेंस होगी। पीएम नरेन्द्र मोदी के 17 जुलाई के आगमन कार्यक्रम को देखते हुए इलेक्ट्रिक बसों में लोगों के आने का आह्वान किया गया है। ऐसे में प्रदेश के करनालए हिसारए पानीपत सहित अलग-अलग डिपो में चल रही 100 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की रैली वाले दिन आने की संभावना है। ऐसे में वर्कशाप परिसर स्थित अन्य जगह इलेक्ट्रिक बसों के खड़ा करने को लेकर व्यस्था बनाई जा रही है। वर्कशाप में रोडवेज कर्मचारियों के खड़े होने वाले वाहनों को अब बस स्टैंड परिसर में ही खड़ा किया जा रहा है। इसके अलावा यात्रियों के लिए 17 जुलाई तक बस स्टैंड परिसर की पार्किंग में वाहनों के खड़ा करने पर रोक लगा दी गई है। ऐसें में जो यात्री अपने स्वजनों को बस स्टैंड पर छोडऩे के लिए जा रहे हैं वे बस स्टैंड के गेट से ही वापस लौट रहे हैं। बस स्टैंड के छोटे गेट पर जहां से पार्किंग के लिए रास्ता जाता है, वहां गेट पर स्पेशल एक कर्मचारी की ड्यूटी भी लगा दी गई है। इसके अलावा गेट पर 17 जुलाई तक यात्रियों के लिए पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने को लेकर नोटिस भी चस्पाया गया है। इसके अलावा बस स्टैंड से मुख्य गेट के सामने खड़े होने वाले ई रिक्शा व आटो चालकों को भी हटाया जा रहा है। वहीं हांसीए असंध व नरवाना रूट पर चलने वाली बसें शहर के अंदर से नहीं चलने पर यात्रियों को आटो व ई रिक्शा का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे यात्रियों को 20 रुपये किराया लगाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री की जनसभा इको फ्रेंडली मनाई जाएगी। ऐसे में जनसभा में आने वाले लोगों से इलेक्ट्रिक वाहनों में आने का आह्वान किया गया है।



जींद। खुद हथोड़ा उठा कर कील ठोकते राज्यसभा सांसद संजय भाटिया।

### ट्रेन में जींद से सोनीपत 50 विद्यार्थी जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को हाइड्रोजन ट्रेन के साथ-साथ जींद व नरवाना में नवनिर्मित अमृत भारत स्टेशन का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए नार्दन रेलवे कई शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। नार्दन रेलवे की तरफ से जींद खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख कर पांच स्कूलों में ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता करवाने के लिए कहा है। सातवीं व आठवीं कक्षा के विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के विषय मेरे शहर का विकसित स्टेशन कैसा होगा और विकसित भारत बनाने के लिए मैं क्या करूंगा होंगे। जो विद्यार्थी विजेता होंगे, उनको प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन के बाद हाइड्रोजन ट्रेन में जींद से सोनीपत 50 स्कूली विद्यार्थी जाएंगे। जिनके चयन करने के लिए भी पत्र में लिखा गया है। उनके साथ शिक्षक भी जाएंगे। जींद खंड शिक्षा अधिकारी सरोज श्योकंद ने कहा कि निबंध प्रतियोगिता करवाने व अन्य व्यवस्था करवाने के लिए संबंधित इंचार्ज को निर्देश दे दिए हैं।

### सर्विस रोड के साथ लगते गेट पर पेड़ों की छंटाई

वर्कशॉप परिसर में जाने के लिए दो गेट हैं। इसमें से एक गेट सर्विस रोड की तरफ से है और दूसरा गेट बस स्टैंड परिसर के अंदर से है। यहां गेट पर एक कर्मचारी की ड्यूटी भी रहती है। सर्विस रोड के साथ लगते गेट के पास पेड़ों की छंटाई का कार्य किया गया। वहीं शहर में गोहाना रोड व सफीदों रोड पर पेड़ों की छंटाई का कार्य चल रहा है।

### रैली स्थल पर लगने लगे तंबू

शुक्रवार को रैली स्थल पर तंबू लगाने का काम किया गया। बाहर से आए 20 ट्रकों में सामान को व्यवस्थित तरीके से लगाने का काम किया गया। रैली में काफी संख्या में लोगों की आने की उम्मीद है, ऐसे में व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### शहर की दीवारों पर रंग रोगन का काम प्रारंभ

पटियाला चौक, गोहाना रोड पर दीवारों पर रंग रोगन का कार्य शुरू है। बाकायदा दीवारों पर हरित क्रांति, पेड़ पौधे लगाने के स्लोगन लिखे जा रहे हैं। अर्जुन स्टेडियम की जो दीवार काफी दिनों से टूटी थी, उसे भी चिनवा दिया गया है।

## प्रधानमंत्री की रैली की खुद कमान संभाले दिखे सांसद संजय भाटिया

- मैदान से लेकर व्यवस्थाओं तक खुद कर रहे निगरानी

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इन तैयारियों के केंद्र में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया हैं, जो रैली संयोजक के रूप में पूरे आयोजन की कमान संभाले हुए हैं। संगठनात्मक बैठकों से लेकर रैली स्थल पर टेंट, मंच, बैठने की व्यवस्था और अन्य तैयारियों का जायजा लेने तक संजय भाटिया लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। रैली स्थल पर चल रही तैयारियों के दौरान भाटिया स्वयं कार्यकर्ताओं व एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते दिखाई दिए। उन्होंने टेंट लगाने, पंडाल निर्माण, मंच की रूपरेखा, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनकी कार्यशैली यह संदेश दे रही है कि भाजपा इस जनसभा को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नही बल्कि संगठनात्मक क्षमता के प्रदर्शन के रूप में भी देख रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई तैयारियों की बैठकों में भी भाटिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। भाजपा नेतृत्व ने संजय भाटिया को रैली संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की क्षमता के कारण संजय भाटिया को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। करनाल से पूर्व सांसद और अब राज्यसभा सदस्य बनने के बाद उनकी पहली बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी मानी जा रही हैए जिसमें वे प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यशैली की छाप छोड़ते दिखाई दे रहे हैं। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ हरियाणा की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

### 5.65 लाख हड़पने वाला प्रोटेक्शन वारंट पर

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने गोल्ड लोन के नाम पर 5.65 लाख हड़पने के आरोपित को अदालत से प्रोटेक्शन वांरट पर लिया है। पुलिस आरोपित से धोखाधड़ी के मामले मे पूछताछ कर रही है। थाना शहर सफीदों प्रभारी राजेश ने बताया कि गुरूग्राम निवासी देवराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव शीलाखेड़ी निवासी विनोद ने बैंक में गिरवी रखे गोल्ड छुड़वाने के नाम पर उससे 5.65 लाख अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जिसके बाद आरोपित ने न तो अपना सोना छुड़वाया और न ही उसकी राशि वापस लौटाई। जब उसने सोना या रुपये के वापस करने के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने सोना तथा राशि देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत के आधार शहर थाना सफीदों पुलिस ने विनोद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

### हैचारी में फंदे पर लटका मिला मजदूर

**जींद।** बिटानी हैचरी में बीती रात मजदूर ने संदिग्ध हालात के चलते फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक की शिनाख्त न होने से शव को सफीदों नगरिक अस्पताल के शव गृह मे रखवाया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बिटानी के निकट हैचरी में बीती रात एक मजदूर ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। घटना का उस समय पता चला जब उसके बगल वाले कमरे में रह रहे मजदूरो ने उसे पंखे से फांसी के फंदे पर लटका देखा। मजदूरों ने उसे फांसी के फंदे से उतार सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। हैचरी मालिक ने पुलिस को बताया कि मजदूर दो दिन पहले ही मजदूरी करने आया था।



कैथल। रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी।

### एलिवेटेड रेलवे लाइन निर्माण से 11 घंटे बंद रहा यातायात

**कैथल।** शहर में एलिवेटेड रेलवे लाइन निर्माण कार्य के चलते शुक्रवार को करीब 11 घंटे तक रेल यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कैथल रेलवे स्टेशन से होकर कोई भी रेलगाड़ी नहीं गुजरी। रेलवे की ओर से निर्माण कार्य को सुरक्षित ढंग से पूरा करने के लिए ब्लॉक लिया गया, जिसके चलते यात्रियों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेल सेवाएं बंद रहने के कारण कैथल जंक्शन और न्यू कैथल रेलवे स्टेशन पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। सामान्य दिनों में यात्रियों की भीड़ से गुलजार रहने वाले दोनों स्टेशन लगभग सूने नजर आए। यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचे कई यात्रियों को जानकारी मिलने पर निराश होकर वापस लौटना पड़ा, जबकि अनेक लोगों ने मजबूरन बसों और निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ा। रेलवे प्रशासन ने इस दौरान कुछ ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव ढांड रेलवे स्टेशन पर किया, ताकि यात्रियों को आंशिक राहत मिल सके। हालांकि, कैथल से सीधे रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को ढांड स्टेशन तक पहुंचने के लिए अलग से व्यवस्था करनी पड़ी।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने के जुर्म में दो को 5-5 साल की जेल

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने उम्र से संबंधित दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर अदालत को गुमराह करने के जुर्म में दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। इसके इलावा पुलिस ने दोनों दोषियों को 45 - 45 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना नरवाना इलाके के एक व्यक्ति ने बताया कि वर्ष 2015 में उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव राजगढ़ निवासी दीप तथा रामदिया ने दुष्कर्म किया तथा उसे जातिसूचक गालियां दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ दुरूकर्म करने, सहयोग करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफतार कर लिया था। दीप के परिजन तथा शमशेर ने अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान आरोपित दीप के नाबालिग होने के दस्तावेज अदालत में प्रस्तुत कर गुमराह करने की कोशिश की।

### नगर पालिका हाउस की बैठक में शहरी विकास के करोड़ों रुपये के प्रस्ताव मंजूर

# महाराजा सूरसेन के नाम पर बनेगा प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

नगर पालिका की हाउस बैठक शुक्रवार को चेयरपर्सन बबली गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा मौजूद रहे। बैठक से पूर्व विधायक व पार्षदों ने नपा प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। बैठक में 16 में से 14 पार्षदों ने भाग लिया। बैठक के दौरान शहर के विकास से जुड़े करोड़ों रुपये के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई तथा जनहित के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि शहर में ऋषि पुंडरीक के नाम से भव्य मुख्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। इसके साथ ही महाराजा सूरसेन के नाम पर भी एक अन्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाएगा। पुंडरीक तीर्थ से पुरानी सब्जी मंडी तक सड़क का निर्माण सीसी (सीमेंट-कंक्रीट) से किया जाएगा। वहीं वार्ड नंबर 13, 14 और 15 में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए जहां जरूरत है नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी व नया ट्यूवेल लगवाया जाएगा। इसके अलावा शहर के विकास से संबंधित अन्य कई प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य पूंडरी शहर को साफ, स्वच्छ, सुंदर आधुनिक बनाना है। अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान शहर में जलभराव और बारिश के पानी की निकासी की समस्या पर भी चर्चा हुई। विधायक ने मौके पर ही जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ, एक्सईन संबंधित अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।



### ये रहे मौजूद

बैठक में नगर पालिका वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, नगरपालिका सचिव मोहन लाल, सरपंच लाभ सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी,निधि मोहन, हिशम सिंह बुक्कल, मुल्तान सिंह, विक्की, नीरज, साहब सिंह सहित अन्य पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




**खबर संक्षेप**

### जिला जनगणना हस्त पुस्तिका होगी तैयार

**जींद।** जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) के प्रकाशन की तैयारियां शुरू हो गई है। इस संबंध में शुक्रवार को जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने अपने कार्यालय में राजस्व एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका जिले का एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज है, इसलिए इससे संबंधित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

### डेंगू से बचने का एक मंत्र घरों में सफाई हो निरंतर

**अलेवा।** उप सिविल सर्जन मलेरिया के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने नगूरां गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लोगों को डेंगू से बचने का एक ही मंत्र, घरों में साफ-सफाई हो निरंतर नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि जिसका उद्देश्य डेंगू-मलेरिया बुखार के बारे में जागरूकता बढाना है तथा इसके प्रसार को रोकना है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, घरों, कालेजों, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डेंगू-मलेरिया बुखार के लक्षण बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दे रही है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, अपहरण का केस

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाके से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ अगस्त को उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को इरफान बहला फुसला कर ले गया है।

### छात्र एकता संगठन ने विवि में लगाया हेल्प डेस्क

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा ने चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में नौ व 10 जुलाई को आयोजित प्रवेश परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो दिवसीय हेल्प डेस्क लगाई। संगठन के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों को रोल नंबर परीक्षा कक्षा परीक्षा भवन और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई। जिन विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी हुई, उन्हें सही परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने में भी सहयोग किया गया। संगठन के उपप्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि किसान छात्र एकता संगठन का उद्देश्य केवल आंदोलन करना नही बल्कि विद्यार्थियों के हर सुख, दुख में उनके साथ खड़ा रहना भी है।

### 15 अगस्त तक चलेगा पंजीकरण अभियान

**जींद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत द्वारा एक जुलाई से 15 अगस्त तक देशव्यापी सघन पंजीकरण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश के पांच करोड़ युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़ कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। जिला युवा अधिकारी हरप्रीत ने बताया कि अभियान के तहत जींद महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, तथा विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष पंजीकरण शिविर, कार्यशालाएं एवं जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे।

### जनशिकायतों का निपटान सुनिश्चित करें अधिकारी

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक जन शिकायत का त्वरितए प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के समाधान प्रकोष्ठ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को गंभीरता से पालन किया जाए तथा शिकायत का समाधान होने के बाद उसकी पूरी जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट की जाए ताकि कोई भी मामला दोबारा लंबित न रहे।

## 761 घरों में लारवा जांच, बुखार के आठ मरीजों के नमूने भेजे

# सतर्कता, स्वच्छता और समय पर उपचार ही डेंगू से बचाव का उपाय

### पुराने टायर, टूटे बर्तन या अन्य कबाड़ में पानी जमा नहीं होने दें

### संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बारिश की शुरुआत के साथ ही डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जुलाना के अंतर्गत गांव पोली में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विशेष सर्वे अभियान चलाकर घर-घर लार्वा जांच की। अभियान के दौरान 761 घरों का निरीक्षण किया गया और बुखार से पीड़ित आठ मरीजों के रक्त नमूने जांच के लिए भेजे गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम में स्वास्थ्य सुपरवाइजर रमेश काजल, सत्यवीर सिंह, बबली, रविंद्र, संदीप कुंडू, अनिल, रामपाल, पूनम और हरमुख शामिल रहे। टीम ने घरों में पानी की टंकियों, होदियों, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, कूलर तथा छतों पर रखे कबाड़ में जमा पानी की जांच कर डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा की तलाश की। साथ ही सर्वे के दौरान बुखार से पीड़ित लोगों की रक्त पट्टिका (ब्लड स्लाइड) भी तैयार की गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ता मनोज-अनिल ने ग्रामीणों को जागरूक करते बताया कि डेंगू बुखार संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर साफ और रुके हुए पानी में पनपता है। डेंगू होने पर मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द जैसी शिकायतें हो सकती हैं। गंभीर मामलों में प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से कम होने लगती है। जिससे रक्तस्राव का खतरा बढ़ जाता है और समय पर उपचार न मिलने पर मरीज की जान भी खतरे में पड़ सकती है।



जींद। जुलानी में रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। पडाना में रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता

स्वास्थ्य सुपरवाइजर रमेश काजल और सत्यवीर सिंह ने कहा कि बारिश का मौसम शुरू होते ही डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के प्रजनन की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि घर और आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने दें, कूलर का पानी नियमित रूप से बदलें, पानी की टंकियों को ढककर रखें और पुराने टायर, टूटे बर्तन या अन्य कबाड़ में पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार तेज बुखार या डेंगू के लक्षण दिखाई दें तो स्वयं दवा लेने के बजाय तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। उन्होंने कहा कि सतर्कता, स्वच्छता और समय पर उपचार ही डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### संगतपुरा में फीवर मास सर्वे

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव संगतपुरा में स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड फीवर मास सर्वे एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू रीना रानी और ओमप्रकाश शर्मा ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लीए बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी। रीना रानी ने बताया कि जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन ड्राई डेष मना कर घरों के आसपास जमा पानी हटाने और मच्छरदानी के उपयोग से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जुलानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया गया व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पवन श्योकंद, बिमला, पूनम, सुशील शर्मा, पवन कुमार एवं जयवीर नेहरा ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी ताकि समय रहते मलेरिया की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके।



जुलाना। स्टेडियम का निरीक्षण करते जिला खेल अधिकारी व अन्य।

## जुलाना स्टेडियम में सुविधाओं के अभाव से युवाओं में रोष

- जिला खेल अधिकारी ने कोच और चौकीदार की नियुक्ति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के एकमात्र खेल स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और अव्यवस्थाओं से खिलाड़ियों एवं युवाओं में रोष बढ़ता जा रहा है। युवाओं का आरोप है कि लंबे समय से स्टेडियम में नियमित कोच की नियुक्ति नहीं होने से खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। वहीं चौकीदार के अभाव में स्टेडियम की देखरेख भी प्रभावित हो रही है, जिससे परिसर में गंदगी का माहौल बना है। समस्या को लेकर युवाओं ने जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा को शिकायत भेजी। शिकायत मिलने के बाद जिला खेल अधिकारी स्वयं जुलाना स्टेडियम पहुंचे और परिसर का निरीक्षण किया। खिलाड़ियों और युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा स्टेडियम की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम में नियमित सफाई नहीं होने से अभ्यास करने में परेशानी होती है। रखरखाव के अभाव में खेल गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। युवाओं ने कहा कि यदि समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने खिलाड़ियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्टेडियम में जो भी कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेडियम के लिए जल्द ही एक प्रशिक्षित कोच और एक चौकीदार की नियुक्ति की जाएगीए ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके और परिसर की नियमित देखभाल सुनिश्चित हो। इसके साथ ही साफ.-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में भी सुधार कराया जाएगा।

### निपुण मिशन की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यालयों में संचालित फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से जिले के सभी 60 कलस्टरों में 9 जुलाई से 16 जुलाई तक कलस्टर स्तरीय मासिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों को सीपीआईयू बैठक के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता संबंधित कलस्टर हेड द्वारा व सचिव की जिम्मेदारी संबंधित एबीआरसी द्वारा निभाई जाती हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को खंड अहिरका में आयोजित सीपीआईयू बैठक का जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अवलोकन किया। बैठक की अध्यक्षता कलस्टर हेड सुरेंद्र गौड ने की। जबकि सचिव की भूमिका एबीआरसी राजबीर ने निभाई। बैठक में कलस्टर के सभी छह प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एबीआरसी राजबीर ने सभी विद्यालयों से पिछले माह संपन्न एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



कलस्टर स्तरीय सीपीआईयू बैठक का अवलोकन करते जिला समन्वयक एफएलएन राजेश।





नरवाना। छात्र परिषद के चुनें गए हैड बाय एवं हैड गर्ल। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में छात्र परिषद का गठन

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा सेवा भावना का विकास करने के उद्देश्य से सत्र 2026-27 के लिए स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली से 12वीं तक के योग्य एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए चयनित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को पद एवं बैज प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। 9वीं से 12वीं कक्षाओं के लिए 9वीं मैरीगोल्ड के छात्र खुशदीप को हेड बॉय तथा 9वीं रोज़ की छात्रा दिव्या को हेड गर्ल चुना गया। 9वीं मैरीगोल्ड की मनप्रीत को डिप्टी हेड गर्ल तथा गुरनूर सिंह को डिप्टी हेड बॉय की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी प्रकार 6वीं से 8वीं कक्षाओं के लिए 7 वीं मैरीगोल्ड के दीपकवल को हेड बॉय, 8वीं मैरीगोल्ड की नेहा को हेड गर्ल, 8वीं मैरीगोल्ड की मीनाक्षी को डिप्टी हेड गर्ल तथा 6वीं मैरीगोल्ड के आदित्य को डिप्टी हेड बॉय नियुक्त किया गया।

### 1.87 लाख की सहायता राशि के चेक वितरित

**उचाना।** मुख्यमंत्री खेतीहर मजदूर योजना के तहत मार्केट कमेटी उचाना के चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने खेती के दौरान दुर्घटना में अंग-भंग होने वाले पांच किसानों को कुल 1 लाख 87 हजार 500 रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान तारखा के प्रदीप, घसो के बिजेंद्र, लोधर के रणधीर,बड़ौदा के देवेंद्र तथा घोघड़िया के रोहित को 37,500-37,500 रुपये के चेक प्रदान किए गए। चेयरमैन ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री खेतीहर मजदूर योजना के माध्यम से खेती के दौरान दुर्घटना में मृत्यु अथवा अंग-भंग होने की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मृत्यु होने पर 5 लाख तथा अंग-भंग की गंभीरता के अनुसार 37,500 रुपये से लेकर 1.25 लाख तक की सहायता राशि दी जाती है।



आर्थिक सहयोग का चेक देते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।



जींद। बीएलओ को सम्मानित करते एसडीएम पुलकित। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने एसआईआर में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जींद।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा ने सफीदों विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। एसआईआर अभियान में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है कि वह निष्पक्षता, पारदर्शिता और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाए।

### टीवी रिपोर्टिंग-एंकरिंग के सिद्धांत पुस्तक का विमोचन





**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम ने चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के जनसंचार विभाग के सहायक प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा लिखित पुस्तक टीवी रिपोर्टिंग और एंकरिंग के सिद्धांत का विधिवत विमोचन किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता का स्तर जिस तेजी से गिर रहा है, वह चिंता का विषय है। ऐसे समय में डॉ. प्रदीप कुमार की ये पुस्तक पत्रकारिता के मौलिक, नैतिक और व्यावसायिक सिद्धांतों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कहा कि यह पुस्तक युवा पत्रकारों को केवल रिपोर्टिंग और एंकरिंग की तकनीक ही नहीं सिखाएगी, बल्कि निष्पक्ष, जिम्मेदार और जनहित की पत्रकारिता के लिए भी प्रेरित करेगी। पुस्तक के लेखक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि टीवी रिपोर्टिंग और एंकरिंग के सिद्धांत पुस्तक विशेष रूप से मीडिया के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और पेशेवर पत्रकारों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें टीवी रिपोर्टिंग, एंकरिंग, प्रस्तुतीकरण, भाषा शैली और मीडिया की नैतिक जिम्मेदारियों सहित विभिन्न पहलुओं को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया है।

## 17 जुलाई को भिवानी बोर्ड की परीक्षा स्थगित करने की मांग

### एसके शिक्षण संस्थानों के निदेशक ने चैयरमैन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसके ग्रुप शिक्षण संस्थानों के निदेशक ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन को पत्र लिख कर जिले में 17 जुलाई होने वाली बोर्ड परीक्षा को स्थगित करने की मांग की है। एसके गुरप शिक्षण संस्थानों के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन को लिखे पत्र में कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री जींद में बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करने आ रहे हैं। जो कि न केवल जींद बल्कि पूरे देश के लिए गौरवमय तथा ऐतिहासिक दिन है। उसी दिन जिले हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों को परीक्षा के मध्यनजर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे स्टाफ की भी डयूटी लगी हुई है। परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षा भी रहती है।

### मोदी के आगमन को लेकर उत्सव



जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। बड़े, बुजुर्ग ही नही भी बल्कि छात्र व छात्राएं भी पीएम नरेंद्र मोदी को देखने तथा सुनने के उत्सुक हैं। अगर उस परीक्षा आयोजित हुई तो काफी संख्या में छात्र व छात्राएं तथा स्टाफ पीएम नरेंद्र मोदी को देखने तथा सुनने से वंचित रह जाएंगें। उन्होने मांग की कि 17 को बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा को स्थगित कर दूसरी तारीख दी जाए ताकि जिले के छात्र छात्राए पीएम के कार्यक्रम देख पाएं और उन्हें सुन सके।



अलेवा। नगूरां गांव में प्रधानमंत्री रैली का निमंत्रण देती चेयरमैन अनुराधा सैनी।

### नप अध्यक्षा ने पीएम की रैली का दिया निमंत्रण

**अलेवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद में 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर परिषद जींद की चेयरमैन एवं अलेवा मंडल प्रभारी अनुराधा सैनी ने अलेवा ब्लाक के नगूरां, थुआ, पेगां तथा अलेवा गांव का दौरा किया। इस दौरान चेयरमैन ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जींद रैली में पहुंचने का न्योता दिया। लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन अनुराधा सैनी ने कहा कि राजनीतिक दृष्टि से हरियाणा का केंद्र रहे जींद को वर्षों तक विपक्षी दलों ने केवल राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा सरकार ने इसे विकास, निवेश और आधुनिक तकनीक का केंद्र बनाने का कार्य किया है। देश की पहली हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक से जुड़ी परियोजना की शुरुआत जींद से होना हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### एआई एवं ब्लॉक चेन विषय पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित

# एआई-ब्लॉकचेन तकनीक भविष्य के रोजगार और नवाचार की आधारशिला : मनदीप गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिए एआई एवं ब्लॉकचेन विषय पर प्रभावशाली-ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना था ताकि वे बदलती तकनीकी दुनिया की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें और भविष्य के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम में ट्रिपल डैश इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनदीप गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की तथा विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल विकास और करियर निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं ब्लॉकचेन तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मनदीप गुप्ता ने कहा कि एआई और ब्लॉकचेन केवल तकनीक नही बल्कि आने वाले समय की अर्थव्यवस्था और रोजगार के प्रमुख आधार बनने जा रहे हैं। स्वास्थ्यए शिक्षा, बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, कृषि, ई कॉमर्स और शासन व्यवस्था सहित लगभग प्रत्येक क्षेत्र में इन तकनीकों का तेजी से उपयोग बढ़ रहा है। ऐसे में युवाओं को इन उभरती तकनीकों की जानकारी और कौशल प्राप्त करना आवश्यक है ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राजकुमार भोला। फोटो :हरिभूमि

### आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करें

अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि आज के समय में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। युवाओं को भविष्य की तकनीकों और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करना होगा। कहा कि संस्था छात्रों को ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों माध्यमों से इंटर्नशिप, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है जिससे वे वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त कर भविष्य को नई दिशा दे सकें। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने एआई, ब्लॉकचेन, करियर अवसरों और भविष्य की तकनीकों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका मुख्य वक्ता द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया।



उचाना। महर्षि लोमश स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### महर्षि लोमश स्कूल में धूमधाम से मनाया पौधरोपण दिवस

**उचाना।** महर्षि लोमश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर में श्री सत्य साई सेवा संगठन (हरियाणा एवं चंडीगढ़) के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। सेवानिवृत्त बीईओ धर्मबीर आर्य, स्कूल चेयरमैन गजे सिंह गिल, प्रधानाचार्य सतवीर कौशिक ने स्टाफ सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया। धर्मबीर आर्य ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। गजे सिंह गिल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने प्रत्येक जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके बड़े होने तक उसकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### पेंशन से जुड़ी त्रुटियों के समाधान शिविर आज

**कैथल।** एडीसी डॉ सुशील कुमार के कहा कि कैथल शहर, ढांड, पूंडरी, राजौंद के नागरिकों को विभाग द्वारा पेंशन से संबंधित दस्तावेज को दुरुस्त करवाने के लिए मोबाइल पर एसएमएस भेजे गए है। इन सभी नागरिकों के दस्तावेज को दुरुस्त करने के लिए 11 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक लघु सचिवालय सभागार में विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बुजुर्ग लाभार्थियों व उनके परिजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जायेगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही उनका समाधान किया जायेगा।

### सभी वार्डों में समान रूप से हुए विकास कार्य

**सीवन।** सीवन नगर पालिका चेयरपर्सन हेमलता सैनी ने कहा कि नगर का संतुलित और समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। अब तक नगर पालिका द्वारा जितने भी विकास कार्य करवाए गए हैं, उनमें किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया गया। प्रत्येक वार्ड को समान रूप से विकास कार्यों का लाभ मिला है और आगे भी इसी भावना के साथ सभी वार्डों में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 20 से 24 तक

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋतु चहल ने बताया कि कार्यालय द्वारा 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों और उनके लिए आवश्यक कौशल विकास के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को उनके करियर के प्रति मार्गदर्शन पर फोकस किया जाएगा। इस दौरान कौशल विकास कार्यशालाओं कैम्पस इंटरव्यू करियर काउंसलिंग सरकारी योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : भूराराम

**पूंडरी।** संयुक्त किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक किसान भवन पूंडरी में ब्लॉक प्रधान मांगे राम सिकंदरखेड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, महासचिव भूरा राम पबनावा, कार्यकारी अध्यक्ष बलवान सिंह पाई तथा किसान मोर्चा हरियाणा के प्रदेश प्रधान राजीव आर्य ढांड सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की गई।

### जाट धर्मशाला में कल होगा वार्षिक समारोह

**कैथल।** जाट धर्मशाला कैथल में रविवार 12 जुलाई को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और विशिष्ट अतिथि के रूप में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला शिरकत करेंगे।

जाट धर्मशाला के प्रधान रोशन लाल पाड़ला ने जानकारी देते हुए बताया कि खनौरी बाईपास रोड स्थित जाट धर्मशाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कैथल जिले के सभी साथियों को आमंत्रित किया गया है। समारोह के दौरान

### मारपीट में बुजुर्ग के घायल होने की शिकायत

**कैथल।** सदर थाना क्षेत्र के गांव दयोहरा में पुरानी रंजिश के चलते 72 वर्षीय बुजुर्ग पर गंडासी और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव दयोहरा निवासी 72 वर्षीय लखा राम ने बताया कि तीन जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे उसके पड़ोसी रिंकू, पहलू, रकमा, सेसा और नितिन शराब के नशे में आपस में झगड़ रहे थे। शिकायत के अनुसार रिंकू ने गंडासी से उसके दाहिने हाथ और उंगली पर वार किया, जबकि सेसा ने गंडासी से सिर पर हमला किया। वहीं पहलू, रकमा और नितिन ने लाठी-डंडों से उसकी टांगों और कमर पर चोटें मारीं। शोर सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी हथियारों सहित फरार हो गए।

---

## जलभराव की सूचनाओं पर डीसी अपराजिता ने लिया कड़ा संज्ञान

# बरसात के दौरान शहर में कहीं न हो जलभराव, व्यवस्था करें सुदृढ़ : डीसी



**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

> नालों और ड्रेनों के सफाई कार्य तेजी से करवाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**

डीसी अपराजिता ने नगर परिषद, सभी नगर पालिकाओं के अधिकारियों, जनस्वास्थ्य, सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कहीं भी बरसात के दौरान जिले में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें तथा नालों और ड्रेनों की सफाई कार्य तेजी से करवाएं। संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय स्थित सभागार में बरसात के जल निकासी विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। डीसी ने कहा जिन स्थानों पर जल भराव की संभावना रहती है, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पंपिंग की व्यवस्था कर पानी की निकासी करवाई जाए। बारिश के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नहरी व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। सफाई के दौरान ड्रेनों से जो भी गाद निकाली गई है, उन्हें वापस ड्रेनों में जाने से रोका जाए। उन्होंने विशेषकर नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। यदि कोई लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहर में जल निकासी की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

## सीएम विंडो की शिकायतों का जल्द करें समाधान

- लापरवाही करने वालों के खिलाफ नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**

डीसी अपराजिता ने कहा कि सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का जल्द समाधान करवाएं। यदि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी लापरवाही करेगा तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला में अब तक 82 हजार 340 शिकायतें सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त हुई है, जिसमें 75 हजार 90 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। लंबित 7250 शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीएम विंडों विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले चंडीगढ़ मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलेवार लंबित शिकायतों पर चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए। कलायत के गांव बड़सीकरी खुर्द निवासी बलवान सिंह की मार्च 2024 में हुई ओलावृष्टि के कारण हुई फसल बर्बाद होने की शिकायत पर चर्चा की गई।

### शिकायतों पर करें फोकस

डीसी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का समाधान पारदर्शी, प्रभावी और संतोषजनक तरीके से हो। जो शिकायतें अभी तक देखी भी नहीं गई हैं, उन्हें तुरंत ऑनलाइन स्वीकार कर प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। साथ ही लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस करते हुए उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें।

## लंबित इंतकाल के कार्य को जल्द पूरा करवाएं



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

- राजस्व विभाग के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**

डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों, इंतकाल, जमाबंदी, टोकन, निशानदेही सहित सभी अन्य राजस्व कार्यों की बिंदूवार विस्तृत फीडबैक ली।

डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा सरकार के निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। लंबित जमाबंदी के कार्यों को जल्द पूरा करवाएं। ऑटो मुटेशन में पोर्टल से संबंधित कोई परेशानी आ रही है तो समस्या को लिखित रूप में भिजवाएं, ताकि मुख्यालय भिजवाकर समस्या का समाधान करवाया जा सके। लंबित जमीनी मामलों का निपटान जल्द करवाएं। ऑडिट पैरा पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। निशानदेही विषय पर गुहला-चीका में अच्छा कार्य किया गया है, जिसकी प्रशंसा करते हुए डीसी ने कहा कि इसी तर्ज पर कार्य करके कार्य में प्रगति लाएं। बैठक में राजस्व विभाग के विभिन्न अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यों की प्रगति से डीसी को अवगत करवाया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नागरिकों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

---

## मोबाइल मेडिकल यूनिट से 141 लोगों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

- मरीजों की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी**



**पूंडरी।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन वैन के साथ टीम सदस्य।

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव ट्योंठा के रवि दास मंदिर में पहुंची, जहां में आमजन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ उठाया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों की टीम ने दोनों स्थानों पर मरीजों की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं तथा मौके पर ही रक्त जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे घर तक पहुंचाने वाला एक सराहनीय और उपयोगी कदम बताया। शिविर के दौरान 125 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 16 व्यक्तियों के रक्त परीक्षण किए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं।

### लिपिकीय वर्ग को अतिरिक्त वेतन वृद्धि कर दी जाए : सावित्री

**कैथल।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन सम्बन्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक डीईओ कार्यालय में राज्य उपप्रधान सावित्री देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तथा संचालन कमेटी सदस्य अनिल दीक्षित व विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपप्रधान सावित्री देवी ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि पात्र लिपिक वर्गीय कर्मियों के वेतन निर्धारण एवं अतिरिक्त वेतन वृद्धि से सम्बंध मामले डीईओ आफिस में लंबित पड़े हैं,जिस कारण कर्मियों को वित्तीय लाभ मिलने में देरी हो रही है। जिला कमेटी ने शीघ्र वेतन निर्धारण कर अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने का ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

## राजौंद के सरकारी स्कूल में बंदरों के आतंक से शिक्षक व अभिभावक चिंतित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद**



**राजौंद।** स्कूल परिसर में पेड़ों व छतों पर बैठे बंदर।

कस्बे के एक सरकारी स्कूल में इन दिनों बंदरों के आतंक से छात्र-छात्राएं और स्टाफ दहशत के साये में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। रोजाना दर्जनों बंदरों का झुंड स्कूल परिसर में घुस आता है और कक्षाओं की खिड़कियों, छतों तथा पेड़ों पर बैठकर उत्पात मचाता है। इससे न केवल पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा बना हुआ है। जानकारी के अनुसार सुबह के समय बंदरों का झुंड स्कूल में डेरा जमाए रहता है। बच्चे जब टिफिन और पानी की बोतल लेकर आते हैं तो बंदर झपट्टा मारकर सामान छीन लेते हैं। कई बार बंदर कक्षा के अंदर तक घुसकर कॉपियां और किताबें भी फाड़ देते हैं, जिससे बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। सातवीं कक्षा के एक छात्र ने बताया कि एक बंदर ने उसके साथी का लंच छीन लिया और काटने के लिए दौड़ पड़ा। "हमें स्कूल में बहुत डर लगता है," छात्र ने कहा। वहीं एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बच्चों को शौचालय तक ले जाने के लिए भी स्टाफ को डंडा लेकर साथ जाना पड़ता है।

अभिभावकों में भी इस समस्या को लेकर भारी चिंता है। अभिभावक रामपाल ने कहा कि अब वे अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से डरते हैं। उन्होंने प्रशासन से सवाल किया कि यदि किसी बच्चे को बंदर काट लेता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।स्कूल द्वारा इस समस्या को लेकर नगरपालिका और वन विभाग को लिखित शिकायत भेज दी है।

## विद्यार्थियों के लिए कालेज में प्रवेश का सुनहरा अवसर

- 12 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी**



डॉ. शकुंतला सिंगला।

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 जुलाई निर्धारित की गई है, इसलिए इच्छुक छात्राएं समय रहते अपना आवेदन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त है। डॉ. शकुंतला सिंगला ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीसीए तथा बीएससी (फिजिकल साइंस) के स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ एमए. इतिहास, एम.ए. अंग्रेजी, एम.ए. राजनीति विज्ञान, एम.कॉम. एवं पीजीडीसीए जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश दिए जा रहे हैं।

## भजन सम्राट नानावीर शिरडी वाले के भजनों पर झूमने को मजबूर हुए श्रद्धालु

- भव्य पालकी यात्रा में पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**



**कैथल।** भजन संध्या में झूमती नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व अन्य।

साईं भक्ति, सेवा और श्रद्धा का ऐसा अद्भुत संगम शायद ही कैथल ने पहले कभी देखा हो। श्री साईं रसोई सेवा समिति कैथल द्वारा आयोजित विशाल श्री साईं पालकी यात्रा, भजन संध्या एवं साईं लंगर प्रसाद भण्डारा ने पूरे शहर को साईंमय कर दिया। सड़कों पर उमड़ी श्रद्धा, भक्तों की आंखों में आस्था, ढोल-ताशों की गूंज और /"ॐ साईं राम/" के जयघोषों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री साईं मंदिर, नजदीक बड़ी देवी मंदिर से निकली भव्य पालकी यात्रा से हुई। जैसे-जैसे बाबा की पालकी शहर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ी, श्रद्धालु हाथ जोड़कर नतमस्तक होते गए। गौशाला रोड, हनुमान मंदिर (पार्क रोड) और कमेटी चौक सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पालकी का भव्य स्वागत किया। ढोल-ताशों की मधुर थाप पर युवा, महिलाएँ और बच्चे साईं भक्ति में मग्न होकर नृत्य करते रहे। शाम को श्री गीता भवन मंदिर, दीपक भगत हॉल में आयोजित विशाल श्री साईं भजन संध्या का दृश्य भी अत्यंत भावपूर्ण रहा।

## आम की मिठास और बच्चों की मुस्कान से महका आदर्श स्कूल जाखौली

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखौली में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 'मैंगो डे' का आयोजन बड़े ही उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण आम की मिठास और बच्चों की खिलखिलाती मुस्कान से महक उठा। कार्यक्रम के दौरान सभी नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी अपने साथ आम, आम की स्लाइस तथा मैंगो जूस लेकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आमों का आनंद लिया और उनके पोषण संबंधी महत्व के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। रंग-बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनकी सभी ने खूब सराहना की। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं ज्योति, सुमन, पूजा, रेनू, सुनीता, उपासना, राखी एवं महेंद्रो का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बच्चों, अभिभावकों और समस्त स्टाफ को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक और आनंददायक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं।



**राजौंद।** मैंगो डे के दौरान आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखौली के विद्यार्थी आम का आनंद लेते हुए।

---

## 52 विद्यार्थियों और दो कमरों से शुरू हुआ था विद्यालय, स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने जमाया रंग

# 49 साल का हुआ एसएस बाल सदन स्कूल, शिक्षकों में दिखा उत्साह

> सदन स्कूल ने स्थापना दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**



**कैथल।** एसएस बाल सदन स्कूल के स्थापना दिवस पर एमडी रविभूषण गर्ग व अन्य केक काटते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

चंदाना गेट स्थित एस.एस. बाल सदन स्कूल ने शुक्रवार को अपना 49वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, सम्मान समारोह और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर विद्यालय की लगभग पांच दशक लंबी यात्रा के साक्षी बने। इस आयोजन को "शुभाशीष-2026" नाम दिया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम और हनुमान जी के स्मरण के साथ हुई। विद्यालय परिवार की ओर से हनुमान चालीसा का 108 बार सामूहिक पाठ, राम नाम लड़ी और संकीर्तन का आयोजन किया गया। भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर विद्यालय की निरंतर प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय के चेयरमैन रवि भूषण गर्ग तथा प्रधान राज रानी गर्ग का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय के विकास, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और संस्थान की निरंतर प्रगति में उनकी भूमिका की सराहना की गई। उन्होंने इस सफर में साथ रहे अध्यापकों और अन्य सहयोगियों के योगदान को याद किया और आभार जताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता केवल परीक्षा परिणामों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि उसके विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक सरोकार ही उसकी वास्तविक पहचान होते हैं।

### यह है विद्यालय का इतिहास

हिमांशु गर्ग ने बताया कि 10 जुलाई 1978 को महज दो कमरों और 52 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ यह विद्यालय आज शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान बना चुका है। वर्षों की सतत मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और अभिभावकों के विश्वास ने संस्थान को लगातार आगे बढ़ाया। समय के साथ विद्यालय ने आधुनिक शिक्षण सुविधाओं को अपनाते हुए हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर दिया। इस अवसर पर कुसुम बिंदलिश, सपना सिंगला, तृप्ता शर्मा, मधु, सोनम भाटिया, मोनिका सहारन, अमित शर्मा, डिंपी, दीपिका, सुरजीत, अंजू, कर्मजीत, प्रियंका, ऋतु, सुमन, कोमल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, प्रभात वर्मा पुत्र अनिल वर्मा निवासी मकान नं. 308, सीवन गेट, वार्ड नंबर 8, कैथल जिला कैथल (हरियाणा) ने अपने नाबालिग बेटे का नाम बेबी ऑफ मनीषा से बदलकर मानिक वर्मा रख दिया है। कृपया सभी संबंधित नोट करें।

**सूचना**

मैं, सीमा पत्नी विनोद कुमार निवासी धूमू पट्टी, गांव क्योडक, तहसील और जिला कैथल (हरियाणा) मैंने अपना नाम सीमा से बदलकर कु. सीमा चौहान रख लिया है। भविष्य में मुझे कु. सीमा चौहान के नाम से जाना और पहचाना जाए। कृपा संबंधित नोट करें।

## खबर संक्षेप

### बेलरखा में पहुंचे पूर्व कमिश्नर अशोक कुमार

**नरवाना।** पूर्व मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेलरखा का दौरा किया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

### शोषण करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**जींद।** बजरंग दल नेता हरीश रामकली ने बताया कि एक विवाहित महिला किनाना के अंदर मुस्लिम कारोबारी शख्स के यहां नौकरी करती थी। इस महिला ने बताया कि फरवरी से लेकर अब इस मुस्लिम कारोबारी ने एवं इसके मैनेजर ने दोनों ने काफी बार शोषण किया ओर इसका जींद के ही निजी अस्पताल में गर्भपात भी करवाया। जब हद पार हो गई तो मामला दर्ज करवाया। जल्द ही इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई तो वो ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे।

### जुलाना नपा के चेयरमैन डॉ. जांगड़ा हुए बहाल

**जुलाना।** जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक द्वारा बहाल कर दिया गया है। विभाग की ओर से जारी आदेश के बाद अब वह दोबारा नगरपालिका के चेयरमैन के रूप में अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे। बहाली के आदेश से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। विभाग द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध रिकॉर्ड और प्रकरण के परीक्षण के दौरान डॉ. संजय जांगड़ा के विरुद्ध लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्हें निर्दोष माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि अब तक उनके खिलाफ किसी प्रकार का चालान भी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### बाला जी की गदा यात्रा का भव्य स्वागत

**राजौंद।** गांव किठाना स्थित श्री राम मंदिर में श्री बाला जी गदा यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण के बीच शुक्रवार को 21 फुट लंबी श्री बाला जी महाराज की अष्टधातु गदा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यह गदा यात्रा केचन सेवा संस्थान हनुमंत धाम उदयपुर से चलकर किठाना के श्री राम मंदिर परिसर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और जयकारों के साथ माहौल भक्तिमय बना दिया।

### नशा तस्करी की सूचना हेल्पलाइन 1933 पर दें

**कैथल।** नशा तस्करी रोकने को लेकर राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस हेल्पलाइन नंबर-1933 की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे है और इसका उद्देश्य भारत को नशामुक्त बनाना है। पुलिस नशा विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मानस हेल्पलाइन-1933 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

### डीआरडीए में आयोजित मिलन समारोह में लखपति दीदियों ने लिया हिस्सा

# महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. अर्चना गुप्ता

- स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व जागरूकता फैलाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता। *फोटोः हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और समाज निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका सदैव प्रेरणादायक रही है। आज देश की महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, खेल, कृषि, उद्योग, प्रशासन और राजनीति सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने डीआरडीए जींद में जिला स्तरीय फेडरेशन की फेडरेशन की दीदियों ओर से आयोजित मिलन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में भाग लिया और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं (दीदियों) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी दीदियों का स्नेह, सम्मान और विश्वास उनके लिए अमूल्य है। महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और समाज के प्रति समर्पण ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। सशक्त नारी ही सशक्त समाज और सशक्त का आधार है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। इसके साथ ही मोदी सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है।

#### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने डॉ. अर्चना गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि नारी शक्ति के सहयोग से विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का सपना शीघ्र ही साकार होगा। इस मौके पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान, जिला महामंत्री पुष्पा तायल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरोज सिहाग के अलावा लखपति दीदियों सहित महिलाएं उपस्थित रही।

#### लाडो लक्ष्मी योजना महत्वपूर्ण कदम

प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी महिला कल्याण और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नायब सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना जैसी पहल महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये हर महीना आर्थिक सहायता दी जा रही है। डा. अर्चना गुप्ता ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ हजारों परिवारों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभरा है।

---


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

## डिप्टी स्पीकर ने पीएम की रैली को लेकर किया जनसंपर्क

- प्रधानमंत्री 17 जुलाई को हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी, प्रदेश को देंगे हजारों करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू होना केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। इस परियोजना से जींद का नाम देश के विकास के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। यह ट्रेन बिना बिजली व बिना तेल चलेगी। जो कि आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा।

डा. मिड्ढा शुक्रवार को विधानसभा के खेड़ी, तलौडा, लोहचब, मनोहरपुर समेत लगभग एक दर्जन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों को संबांधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ टेकराम कंडेला, पार्षद राममेहर, बलवंत सिंह व भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता के अलावा जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र के लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरी गर्मजोशी के साथ तैयार हैं। बड़ी संख्या में बुजुर्ग पारंपरिक सफेद पगड़ी पहन कर उनका स्वागत करेंगे। जबकि विभिन्न गांवों और शहरों से लोग डीजे, ढोल, नगाड़ों और उत्साह के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि जींद विधानसभा क्षेत्र से अभूतपूर्व जनसमर्थन देखने को मिलेगा।

#### जींद आगे बढ़ रहा

जींद जिले में भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अन्य जनकल्याणकारी परियोजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही जींद को भाखड़ा नहर का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, मेडिकल कॉलेज के बनने जैसे विकास कार्यों से जींद की दशा में भी सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 17 जुलाई को सुबह नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे तथा प्रदेशवासियों को हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

---

## भाजपा ने जींद को दी नई दिशा : बराला

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि राजनीतिक दृष्टि से हरियाणा का दिल माने जाने वाले जींद को वर्षों तक विपक्षी दलों ने केवल अपनी राजनीतिक लॉचिंग का मंच बनाया लेकिन भाजपा ने जींद को नई दिशा और नई दशा देने का कार्य किया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जींद के विकास को प्राथमिकता देते हुए इसे आधुनिक तकनीक, रेलवे विकास और निवेश का नया केंद्र बनाने की ठोस योजना तैयार की है। देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन की शुरुआत जींद से होना केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, राकेश बूरा और सुखदीप बुआना भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई का दिन हरियाणा के इतिहास में विकास, आधुनिक तकनीक और भविष्य की नई संभावनाओं का प्रतीक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा केवल उद्घाटन कार्यक्रम नही बल्कि विकसित हरियाणा के नए युग का शुभारंभ है।

---

## विधायक अत्री ने ईको फ्रेंडली रैली का दिया संदेश

- 11 जुलाई से उचाना हलके के गांव-गांव जाकर देंगे रैली का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना


उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि 17 जुलाई का दिन केवल जींद ही नहीं, बल्कि पूरे देश के इतिहास में दर्ज होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की धरती से एशिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे कार्य करके दिखाए हैं, जिन्हें विपक्ष कभी संभव नहीं मानता था। 11 जुलाई से उचाना के गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दिया जाएगा।

#### जीवनपुर गांव में आज करेंगे दौरा

विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री की रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 11 जुलाई से उचाना विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। इसकी शुरुआत जीवनपुर गांव से होगी। पहले चरण में 11 गांवों का दौरा कर लोगों को रैली का निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं और उन्हें सुनने के लिए लाखों लोग जींद पहुंचेंगे।

#### हरियाणा और जींद के लिए गौरव का पल

अत्री ने कहा कि हरियाणा, विशेषकर जींद के लिए यह ऐतिहासिक और गौरव का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ जींद से होगा। उनके अनुसार यह ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच चलेगी और स्वच्छ ऊर्जा आधारित तकनीक का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानी से चलने वाली ट्रेन की शुरुआत कर देश को नई तकनीक की दिशा में आगे बढ़ाया है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दो दिन पहले रैली स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चुके हैं। यह रैली पूरी तरह पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ ईको फ्रेंडली होगी।

---


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीआरएसयू कुलगुरु प्रो. डॉ. रामपाल सैनी।

### जाट समाज की संस्थाओं का देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : प्रो. रामपाल सैनी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु प्रो. डॉ. राम पाल सैनी का जाट धर्मशाला पहुंचने पर जाट सभा के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलगुरु ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने जाट धर्मशाला परिसर में संचालित पुस्तकालय और अध्ययन कक्ष का निरीक्षण किया तथा वहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक मूल्यों को जीवन में अपनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा से ही संभव है और युवाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रो. सैनी ने जाट सभा द्वारा विद्यार्थियों के लिए शांत एवं अनुशासित वातावरण में पुस्तकालय और अध्ययन कक्ष की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, जो समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है।

---

## रोगों की रोकथाम पर किया मंथन

- पानी की टंकियों, कूलरों, घड़ों, गमलों, पुराने टायरों, बोतलों एवं अन्य पात्रों को नियमित रूप से खाली कर साफ करें आमजनः सीएमओ सुमन कोहली

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. सुमन कोहली। *फोटोः हरिभूमि*

लघु सचिवालय में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर सीएमओ डॉ. सुमन कोहली की अध्यक्षता में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया तथा जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे मच्छरजनित रोगों की प्रभावी रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के माध्यम से साफ.सफाईए जलभराव की रोकथाम, जन जागरूकता अभियान आदि जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं जेई जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं, इसलिए मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि जून माह को एंटी मलेरिया माह, जुलाई माह को एंटी डेंगू माह, पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस तथा 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस के रूप में जन जागरूकता गतिविधियां की जाएंगी।

---

## भाजपा सरकार में बिना पैसे एक भी काम नहीं होता : ढाठरथ

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


विजेंद्र ढाठरथ।

- कहा-नैतिकता के आधार पर जींद व सफीदों के विधायक इस्तीफा दें

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष विजेंद्र ढाठरथ ने बताया कि इस सरकार में बिना पैसे किसी भी कार्यलय में कोई भी काम नहीं होता। डंके की चोट पर कहते हैं सता में बैठे हुए लोगों कि मिलीभगत से ये सब चल रहा है। लोगों के सामने राम राम जपने वाले लोग जींद में ही राममंदिर तोड़ने लग रहे हैं।

इनसे बड़े लुटेरे विश्व में भी नहीं मिलेंगे। जो भगवान श्रीराम को ही लूट गए । बारह साल में सफीदों रोड नहीं बना सके। बारह साल में मेडिकल कॉलेज में नियमित ओपीडी नहीं शुरू करवा सके। नैतिकता के आधार पर जींद व सफीदों के विधायक को इस्तीफा दे देना चाहिए। ये लोग जनता की उम्मीदो पर खरा नहीं उतर रहे। जींद जिले का बुरा हाल कर दिया है भाजपा के विधायकों ने। जनता कि कोई सुनवाई नहीं है इस सरकार में। प्रधानमंत्री जींद को कोई बड़ी सोगात देकर जाए। कभी फिर जींद की क्रांतीकारी धरती रैली स्थल बनकर रह जाए।

---

### मंत्री कृष्ण बेदी के बेटे कर्ण प्रताप सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया


नरवाना। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र कर्ण प्रताप सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, नरवाना में विधानसभा नरवाना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्नेह मिलन एवं जन्मदिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों एवं शुभचिंतकों ने भाग लिया तथा कर्ण प्रताप सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं केक काटकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उपस्थित सभी लोगों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कर्ण प्रताप सिंह युवाओं के बीच एक लोकप्रिय एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व हैं।

---

**जांच** | विधायक के निर्देश पर एसडीएम ने किया जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

# 24 घंटे में ड्रेन व सीवरेज लाइन दुरुस्त करने के एसडीएम ने दिए निर्देश, 2 दिन बाद होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना


उचाना। नेशनल हाइवे पर जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम रमित यादव।

बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर शुक्रवार को एसडीएम रमित यादव ने नेशनल हाईवे, रेलवे रोड सहित विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निर्देश पर किया गया। इस दौरान एनएचएआई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने दुकानदारों और राहगीरों से बातचीत कर बारिश के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। हाईवे स्थित सर्विस रोड के दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष विधायक के निर्देशों के बाद कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन बारिश के पानी की निकासी का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जब तक नालों से पानी की निकासी की प्रभावी व्यवस्था नहीं होगी, तब तक समस्या बनी रहेगी।

#### रेलवे रोड की समस्या को गंभीरता से लिया

मौके पर ही एसडीएम रमित यादव ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए कि दुकानदारों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान दो दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रेलवे रोड पर वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए भी पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजेंद्र कॉलोनी, बैंक कॉम्प्लेक्स रोड, अतिरिक्त मंडी से लगती गली सहित अन्य जलभराव वाले स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि दो दिन बाद समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। एसडीएम रमित यादव ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निर्देश पर जलभराव वाले सभी प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया गया है। नेशनल हाईवे पर ड्रेन पानी से भरी हुई है तथा कई स्थानों पर सीवरेज लाइन ओवरफ्लो हो रही है। जन स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे के भीतर ड्रेन और सीवरेज लाइन की सफाई कर सुचारु निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

### एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को जुलाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अभियान को पारदर्शीए निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसआईआर कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि जल्द बीएलओ 1 नियुक्त करें।